एएसआई की रेत माफियाओं से वसूली की चर्चा गर्म

खाकी पर दाग : एएसआई जगमोहन अधिकार की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, थाना प्रभारी की चुप्पी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

कान्हीवाड़ा नवभारत। सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में इन दिनों कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। क्षेत्र में चर्चा है कि उपनिरीक्षक जगमोहन अधिकार द्वारा रेत माफियाओं के साथ मिलकर कथित रूप से अवैध वसूली का खेल चलाया जा रहा है। इस मामले ने स्थानीय ग्रामीणों के बीच भारी आक्रोश पैदा कर दिया है, जबकि थाना प्रभारी की इस पर रहस्यमयी चुप्पी भी संदेह पैदा कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कान्हीवाड़ा क्षेत्र के नदी घाटों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जगमोहन अधिकार की रेत माफियाओं के साथ जुगलबंदी इतनी गहरी है कि रात के अंधेरे में निकलने वाले अवैध रेत के ट्रैक्टरों और ट्रकों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा आम है कि प्रति वाहन एक निश्चित राशि की वसूली की जा रही है।

हैरानी की बात यह है कि इस पूरे प्रकरण की जानकारी होने के बावजूद कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस माफियाओं पर हाथ डालने से कतरा रही है। रात भर भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण सड़कों की हालत जर्जर हो रही है और शांति भंग हो रही है। पुलिस की इस कथित संलिप्तता से खाकी की छवि धूमिल हो रही है।

क्षेत्र में यह विषय अब केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों के सब्र का बांध भी टूटता जा रहा है। लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और एएसआई जगमोहन अधिकार सहित उन तमाम अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए जो इस अवैध कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं।

आंदोलन की चेतावनी

यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने की चेतावनी दे रहे हैं। एएसआई जगमोहन अधिकार के साथ स्टॉप के चार पांच कर्मचारियों का साथ होता है एवं पुलिस वाहन चालक की बड़ी साठ गांठ है..जो क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बनी हुई है कि स्ढ्ढ अधिकारी (जगमोहन अधिकार) ऑनलाइन दलालों खातों में पैसा ट्रांसफर करवाते है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है।

जबलपुर हाईवे में घेराबंदी कर पकड़ी अवैध शराब

छपारा नवभारत। सिवनी पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में जिले में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छपारा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नेशनल हाईवे पर घेराबंदी कर एक स्कार्पियो वाहन से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार 19 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिवनी से छपारा की ओर एक काले रंग की स्कार्पियो क्रमांक एमपी 07 सीबी 3741 में अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे पर घेराबंदी की।

धुनाई घाट के पास पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर आरोपी वाहन को बीच सड़क पर चालू हालत में छोड़कर पास के घने जंगल की ओर भाग निकले। अंधेरा होने के कारण आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके।

पुलिस ने जब लावारिस हालत में खड़ी स्कार्पियो की तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियाँ बरामद हुईं। पुलिस ने मौके से निम्नलिखित सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई में छपारा थाना प्रभारी निरीक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार, कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी, उप निरीक्षक सुक्कुलाल उइके, सउनि सुखदास मर्सकोले, मंगलदास गोनेकर सहित प्रधान आरक्षक दशरु प्रसाद बघेल, विनोद बघेल, शैलेन्द्र कवेती और आरक्षक आशीष चौहान व रतिभान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक नजर में

जिला कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

छपारा। जिले का एकमात्र अधिकृत कराटे संगठन स्पोर्ट्स कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी द्वारा गत दिवस 19 अप्रैल को छपारा नगर के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में जिला सिवनी के जिला सब जूनियर, केडट, जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । संघ के सह सचिव गीतेश प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में जिले के समस्त विकास खंडों के लगभग 75 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु , वजन वर्ग की काता, कुमिते स्पर्धाओं में अपने खेल का प्रदर्शन कर इंदौर में होने जा रही मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए यह सभी नन्हे खिलाड़ी सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे वही समस्त अभिभावकों, प्राचार्य एवं समस्त खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का आगमन 22 को

सिवनी। 22अप्रैल को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विशाल बघेल का आगमन भाजपा कार्यालय में 11 बजे होने जा रहा है उक्त दिवस भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सिवनी के तत्वाधान मै अरिहंत हॉस्पिटल नागपुर के विषेशज्ञ चिकित्सक के द्वारा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया है चिकित्सा शिविर मै डॉ उज्जवल वाणघेड़े (हड्डी रोग) डॉ पुटेटवार(नाक कान गला)डॉ पलक (नेत्र विषेशज्ञ) डॉ हेमंत महाजन(जनरल फिजिशियन) डॉ अंकित पारधी अपनी सेवाय देंगे अत : भारतीय जनता पार्टी के सभी सांसद विधायक, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष,सभी जनपद, नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष,प्रबुद्ध जन, वरिष्ठ एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है चिकित्सा प्रकोष्ठ सिवनी द्वारा प्रात : 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित है।

जया पांडे का सुयश, 12वीं में बनाये 89 प्रतिशत

सिवनी। मात्रधाम कातलबोडी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक पाठ शाला की कक्षा 12वीं की छात्रा जया पांडे पिता श्री जितेंद्र पांडे मांता श्री मति रानी पांडे जी की सुपुत्री ने साइंस गणित विषय पर 89 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर पूरे शाला परिवार का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता के लिए बिटिया,उनके माता पिता गुरुजनों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है।

19/04/26 को सहायक अभियन्ता शशांक चौरसिया के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि झील पिपरिया कण्डीपार रोड में 11 के.बी. विद्युत लाईन के 12 खम्बो में लगी बिजली तार को काटकर कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गये है व शासकीय खम्बो का नुकसान किये है कि रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान टीम बनाई गई। मुखबिर द्वारा सूचना गोपनीय सूचना मिली कि आशाराम कुडोपा व जुम्मन यादव के द्वारा ऐसी घटना की जाती है सबब आशाराम कुडोपा व जुम्मन यादव से पूछताछ करने पर घटना स्वीकार किये व अपने साथी अशोक गोनगे की मोटर साईकिल से जाकर घटना कारित करना बताया साहू कवाडा के यहां लाकर चोरी का तार बेचना बताया जिसपर से चोरी का तार खरीदने वाले राजेन्द्र कुमार साहू से भी पूछताछ की गई जिसने चोरी का तार खरीदना स्वीकार किया। जिनसे विधिवत् तार काटने में उपयोग झूला व कटर, परिवहन करने में मोटर साईकिल व चोरी गये एल्युमिनियम तार जप्त किया गया है व आरोपीगणो को अपराध क्रमांक 195/26 धारा 303(2), 324(2), 317 (2) बीएनएस, 3(2) (क) सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 2003, 136(1) (ग), 137 विद्युत अधिनियम में विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्वं मे सउनि. संजय बघेल, प्र.आर. संजय यादव, आर. नितेंश राजपूत, विक्रम देशमुख, हिमेन्द्र सहारे, अंशुमनं राजपूत, मिथलेश सूर्यवंशी, रघुराज यादव, धनराज वरकडे, केसरीनंदन ऐडे, रामानंद चौरिया, अनुराग दुबे, म.आर. नीतू धुर्वे, द्रोपती डेहरिया।

यह बनाये गये आरोपी

आशाराम पिता रघुलाल कुडोपा उम्र 26 साल निवासी हुलकी थाना बरगी जिला जबलपुर, जुम्मन पिता कामता यादव उम्र 26 साल निवासी मानकपुर थाना धूमा, अशोकं पिता अर्जुनलाल गोनगे उम्र 25 साल निवासी बेलटोला चौकी बादलपार कुरई, राजेन्द्र कुमार पिता गंगाराम साहू उम्र 61 साल निवासी जनता नगर बायपास साहू कबाडा डोरली छतरपुर शामिल है।

बाइक-ट्रैक्टर दुर्घटना में एक की मौत दो घायल, तिलवारा पुल पर हुई दुर्घटना

छपारा नवभारत। मामला सुनवारा चौंकी थाना धनौरा अंतर्गत का है मिली जानकारी के अनुसार विगत 19 अप्रैल दिन रविवार को रात्रि लगभग 8ः30 बजे सुनवारा से बाजार करके अपने गांव लोनिया गांव लौट रहे अनिल अहिरवार, मुकेश अहिरवार दोनों ग्राम लोनिया निवासी और ग्राम झिलमिली निवासी राजा अहिरवार बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी और मौके से सूचना पर परिजनों ने निजी वाहन से छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां अनिल अहिरवार पिता शिवराज अहिरवार 28 वर्ष की मौत हो गई वहीं मुकेश अहिरवार को सिर पर गंभीर चोट आई जिसे जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर किया गया और राजा अहिरवार को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया है पूरे मामले पर सुनवारा चौंकी थाना धनौरा पुलिस द्वारा जांच में ले लिया गया है। सोमवार 20 अप्रैल को सुबह मृतक अनिल अहिरवार के शव को पोस्टमार्टम किए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

उगली गोरखपुर के बीच उच्च स्तरीय पुल की मांग

उगली नवभारत। केवलारी अंतर्गत उप तहसील उगली के निकट ग्राम पंचायत खामी के गोरखपुर ग्राम में आपदा को लेकर ग्रामीणों को लेकर प्रस्फुटन समीती और ग्रामीणों ने संदेश दिया। इसमें सरकार से आपदा प्रबंधन की अपेक्षा करते हुए पीड़ित ग्रामीणों ने उगली से गोरखपुर मार्ग के मध्य नाले में उच्च स्तरीय पुल की मांग की है, ग्राम वासियों का कहना है कि हमारा गांव निकट ग्राम सारसडोल,खामी और उगली से जुड़ा हुआ है,इसके बाद निकट जिले मंडला और बालाघाट की सरहद लगी हुई है, निकट से जिले की मोक्षदायनी मां बैन गंगा भी प्रवाहित होती है, हल्की सी बरसात आने पर इस उगली से गोरखपुर मार्ग के बीच एक नाला प्रभावित होता है, जिसमें रपटा बना हुआ है, जरा सी बरसात में यह जलमग्न हो जाता है,और इस स्थिति में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, जिससे सीधे तौर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को एक,दो,चार पांच दिन जब तक नाला खाली नहीं होता स्कूल जाने से वंचित रहना पड़ता है, गोरखपुर गांव टापू में तब्दील हो जाता है,चारों तरफ जलप्लावन की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में सीधा संपर्क उगली मुख्यालय से भी टूट जाता है,जिसको लेकर सरकार से माननीय जिला कलेक्टर महोदय को इस और ध्यान आकर्षित करना चाहिए शीघ्र इस मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होना चाहिए जिससे आवागमन तो सुलभ होगा ही विकास के द्वारा भी खुलेंगे,निकट प्रवाहित वैनगंगा नदी जो सीधे तौर पर नैनपुर से जुड़ सकती है, इस पर भी यदि राज्य और केंद्र की सरकार अपना ध्यान आकर्षित करें तो यह मार्ग भी सीधा उगली से नैनपुर या यू कहें की सीधा सिवनी से मंडला जुड़ जाएगा भविष्य में विकास को देखते हुए प्रशासन को गंभीरता से गोरखपुर की तरफ ध्यान देना चाहिये.

बरघाट में परशुराम जयंती पर निकली वाहन रैली

बरघाट नवभारत। विष्णु भगवान के छठवें अवतार ब्राह्मण समाज आराध्य भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव अक्षय तृतीया पर मुख्यालय बरघाट में भव्यता के साथ मनाया गया।

नगर बरघाट मे ब्राह्मण समाज की भूमि जो की वार्ड नंबर 13 में स्थित भगवान परशुराम जी पुस्तकालय एवं वाटिका फरसा स्थल पर प्रात: 9 बजे से विधी विधान से भगवान परशुराम जी का पूजन ब्राह्मण समाज ब्लाक अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा एवं सुषमा शर्मा के द्वारा किया गया एवं जय घोष के नारे लगाए गया फरसा स्थल पर 30 फिट ऊंचे फरसा के साथ भगवान परशुराम का ध्वज फहराया गया जिसके बाद भव्य वाहन रैली प्रारंभ की गई जो कि फरसा स्थल से कबीर गार्डन के पास से कान्हीवाड़ा रोड़ से होते हुए बालाघाट रोड़ पहुंची जहां से सुभाष चौक पहुंची जहां पर पंकज ट्रेंड्स के सामने कांग्रेस प्रदेश महामंत्री विनोद वासनिक, पूर्व पार्षद नीरज सूर्यवंशी, समाजसेवी विपिन जैन, समाजसेवी अजातशत्रु वासनिक, सहित अन्य लोगों ने फूलों से स्वागत के साथ ठंडा, फल खिलाकर स्वागत किया जिसके बाद वाहन रैली स्टेट बैंक के सामने नगर पालिका के सामने पहुंची जहां पर नगर पालिका उपाध्यक्ष ममता पाठक, समाजसेवी ढालसिंह बिसेन, तहसीलदार पूजा राणा, सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, पार्षद हेमंत राहंगडाले, पार्षद असंत उईके, पटवारी अभय तिवारी ने शुभकामनाए देकर फूल माला, मीठा खिलाकर स्वागत किया जिसके बाद भगवान परशुराम की वाहन रैली राममंदिर के सामने पहुंची जहां पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, अनिता जैन, पंकज मिश्रा सहित अन्य महिलाओं ने भगवान परशुराम जी का पूजन किया जहां रैली बस स्टैंड होते हुए गांधी चौक पहुंची जहां पर सांसद प्रतिनिधि विकास जैन, आयुष , सुयश, सिद्ध, पर्व जैन सहित अन्य लोगों ने भी फूलो से स्वागत के साथ ठंडा पिलवाया जिसके बाद वाहन रैली अस्पताल के सामने पहुंची जहां विधायक प्रतिनिधि सुजीत जैन, मनोनीत पार्षद राजेन्द्र सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सत्यांश भट्ट ने स्वागत कर भगवान का पूजन किया जहां से रैली कन्या शाला के सामने से राजराजेश्वरी चौक, मूडापार, उत्कृष्ट विद्यालय, बिजली विभाग होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची जहां पर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां समाज के गौरव वरिष्ठजनों के अतिथि में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जहां सबका स्वागत किया गया जहां सनातन धर्म प्रेमी आनंद ठाकुर सहित अन्य लोग भी इस कार्यक्रम पहुंचे व भगवान परशुराम का पूजन किया जिसके बाद राकेश तिवारी एवं ज्योति तिवारी ने पूजन, सभा को संबोधित सच्चिदानंद पांडे, मुकेश तिवारी ने किया व भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला व ब्राह्मण समाज के साथ हो रहे भेदभाव पर चर्चा की वहीं ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा ने संबोधित करते हुए बताया कि जल्दी ही एक आयोजन समाज और भी बड़े रूप किया जाना है जहां छात्र छात्राओं का सम्मान व अन्य कार्यक्रम भी किया जाएगा जिसमें अन्य समाजजन को आमंत्रित किया जाएगा अंत में आशीष दीक्षित ने आभार व्यक्त किया व जिला ब्राह्मण समाज का भी आभार व्यक्त किया मंच संचालन अनिल पाठक ने किया।

आयोजन बच्चों के अभिभावकों, माता- पिता की गरिमामय उपस्थिति रही

नन्हें-मुन्हें बच्चों ने दीं मनमोहक सांस्कृतिक और साहसिक प्रस्तुतियां

सिवनी नवभारत। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल के नवाचार सृजन अभियान के अभिनव प्रयासों के क्रम में सिवनी पुलिस का सृजन 2 कार्यक्रम जो 31 जनवरी से प्रारंभ हुआ था, का 18 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्या का सिवनी विधायक दिनेश राय ,जिला कलेक्टर नेहा मीणा और पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के शुभ आतिथ्य व कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

सृजन कार्यक्रम की उक्त गतिविधियों में सिवनी शहर की विशेष बस्तियां (जहां सापेक्षिक वंचन,गरीबी,नशा और अपराध व्याप्त हैं) उन स्थानों से बच्चों को उनके परिवारों से संवाद कर जोड़ा गया और पुलिस लाइन सिवनी में नियमित 3 बजे से 6 बजे तक उन्हें मुक्त कक्षाओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार की व्यक्तित्व निर्माण की गतिविधियां सिखाई गई,जिसमें उनकी अभिरुचि के खेल,कराते,चित्रकला,रंगोली,नृत्य ,गीत गायन, कविता ,नृत्य ,नाटक, टीम भावना, अनुशासन,अच्छी आदतें और व्यवहार,अच्छा व्यक्ति और नागरिक बनने के गुण,अल्प संसाधन मे भी कैसे अपनी प्रतिभा का विकास करें के साथ -साथ विभिन्न प्रकार की हेल्प लाइन 1090,1098,1930,112 और हर प्रकार के नशे से दूर रहने,साइबर सुरक्षा व यातायात जागरूकता से उन्हें कनेक्ट किया गया,बेहतर भविष्य व कैरियर काउंसिलिंग हेतू दिशा लर्निंग सेंटर,कंट्रोल रूम और संस्थाओं का भ्रमण कराया गया।

इस सृजन पाठशाला में बच्चों ने जो सीखा उसके प्रतिबिंब के रूप में सांस्कृतिक संध्या के दौरान प्यारें बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना,स्वागत गीत,हर्ष टेंभरे और आस्था पटले द्वारा और देश भक्ति और बालिका सुरक्षा पर कविता पाठ किया गया, इतनी शक्ति हमें देना दाता समूह प्रेरणागीत और मैंने पायल हैं छनकाई व बरसाने की राधे गीतों पर समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई।कनक फाउंडेशन द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने यातायात सुरक्षा व जागरूकता का संदेश दिया।श्री पंकज सोनी,खुशबू सोनी व प्रणय सनोडीया द्वारा तैयार किए गए नाट्य रूपांतरण भारत माता की स्वाधीनता के लिए कुर्बान होने वाले बलिदानियों की गाथा पर बच्चों की रणबांकुरों के रूप में अभिनय ने मंत्रमुग्ध कर देश के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।कराते प्रशिक्षक श्री ओमकार कश्यप के निर्देशन में कराते आत्मरक्षा कौशल का बच्चों ने शानदार प्रदर्शन दिखाया।इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्था सिवनी से डीपी साहू और उनकी टीम के द्वारा अतिथियों के कर कमलों से दिशा लर्निंग सेंटर के 14 मेधावी विधार्थियों को राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट लेखन हेतू प्रमाण पत्र और पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा 07 अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में चयनित होने के सम्मानित और आर.नारायण ठाकरे को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। नगर रक्षा समिति के रिंकी बाथू,सिद्धिका गोस्वामी,कामना देशमुख को क्रिकेट, बॉक्सिंग व रनिंग कीट खेल सामग्री भेंट की गई।इस अवसर पर सृजन कार्यक्रम सिवनी के नोडल अधिकारी अति पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा,नपुअ सचिन परते,रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू,निरी.(विशा) संतोष शर्मा,निरी विजय बघेल की विशेष उपस्थिति रही।इस भव्य समारोह का संचालन और समन्वय महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती संदीपिका ठाकुर,कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे,सूबेदार जितेंद्र रावतकर द्वारा किया गया।इस शुभ अवसर पर मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष सीमा चौहान,कृति श्रीवास्तव, मधुरिमा सक्सेना,अनीता परमार ,अनु सोनी ,सपना वर्मा ,भुवनेश्वरी तुरकर ,रंजीता राहंगडाले ,ज्योति डंभारे जी,गौरा विश्वकर्मा , अरुण परमार ,मार्गिक फाउंडेशन से शिवानी ,अनुराधा , आनंद शर्मा ,अमोल चंद्रा ,कनक फाउंडेशन से प्रभाकर बिसेन ,नमिता बोपचे , राजेश बिसेन व नृत्य प्रशिक्षिका श्रीमती रितु प्रमोद दहीकर और सिवनी के इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के सभी पत्रकार साथियों और गणमान्य नागरिक व जन प्रतिनिधियों,की गरिमामय उपस्थिति और विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के बुनियादी कार्यों को सफल बनाने में रक्षित केंद्र सिवनी के आरक्षक संगीता वर्मा, विवेक गोनेकर,गौस मोहम्मद, विकास रघुवंशी,तरुण कंचनवार,आनंद वर्मा,विशेष ठाकुर, पूजा बघेल,सुषमा वर्मा ,शिवानी अहिरवार की सराहनीय भूमिका रही।सृजन 2 कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को टी-शर्ट व विशेष उपहार प्रदान किए गए इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी संस्थाओं को स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्र-गान जन-गण-मन के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

कान्हीवाड़ा में मनाई गई 726वीं सेन जयंती

सिवनी नवभारत। सेन जयंती का शुभारंभ महाराज श्री आराध्य देव की पूजन अर्चन करके किया गया नगर सेन समाज के पूर्व कोष अध्यक्ष सोनू बन्देवार एवं उनकी धर्म पत्नी एकता बन्देवार द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज जी पूजन अर्चन किया गया इसके उपरांत कान्हीवाड़ा ग्राम में भव्य रैली निकाली गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमाकांत बन्देवार रहे उनके द्वारा समाज को संबोधित करके समाज में साइंटिफिक टेंपर डेवलपमेंट करने की बात की गई ओर समाज में अंध विश्वास को खत्म करने और शिक्षा की ओर अग्रसर होने पर काफी सारी चीजें समाज को बताया

अशोक बन्देवार विशिष्ठ अतिथि ने समाज में चल रही योजना के बारे सामाजिक बंधु को अवगत करवाया ओर अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना कि लिए कहा। जनपद पंचायत सदस्य इंद्र कुमार जांघेला कान्हीवाड़ा ग्राम पंचायत सरपंच लता पुरी गोस्वामी भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम पंचायत सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य ने ये घोषणा की सेन समाज भवन निर्माण के लिए कान्हीवाड़ा ग्राम पंचायत समाज को ग्राम में जगह आवंटित करेगी इस के लिए सभी सामाजिक बंधु ने ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा का धन्यवाद किया

विशिष्ठ अतिथि - संत कुमार सराठे ,मुकेश बन्देवार रहे। इसके उपरांत समाज के भावी छात्र छात्राओं जिन्होंने परीक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त किए एवं खेल जैसे क्षेत्र में अपना नाम कमाया इन सभी विद्यार्थियों को सेन समाज द्वारा मेडल सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिन देकर सम्मानित किया गया साथ साथ ही साथ उनके माता पिता को भी पुष्प माला द्वारा सम्मानित किया गया

इस सम्मान से बच्चों का मनोबल और भी ज्यादा मजबूत होता हैं । कार्यक्रम में लाल सिंह बन्देवार(अध्यक्ष) दीपक बन्देवार(उपाध्यक्ष) मोनू बन्देवार(सचिव) संतोष बन्देवार (जिला मीडिया प्रभारी , संरक्षक)सतीश बन्देवार, संजय बन्देवार ,श्याम बन्देवार ,राजकुमार बन्देवार (पूर्व अध्यक्ष) ,आशीष सराठे,रामनाथ मानकर और सभी समाज के लोग उपस्थित रहे।

नगर गौरव दिवस (सिटी-डे) का आयोजन

सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 22 अप्रैल बुधवार को नगरपालिका प्रशासन सिवनी द्वारा आदि गुरू शंकराचार्य अवतरण दिवस को नगर गौरव दिवस सिटी के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 22 अप्रैल को सायं 06 बजे से मठ मंदिर सिवनी में आदि गुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति का पूजन/अर्चन विशिष्ट अतिथियों जिले के सांसद, विधायक , जिलाध्यक्ष जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में किया जावेगा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। नगर गौरव दिवस सिटी डे के अवसर पर धर्मसभा में श्रीमद् जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराजश्री एवं ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज धर्म सभा को संबोधित करेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानाचंद सनोडिया एवं उपाध्यक्ष डॉली अमित डागौर द्वारा नगर के गणमान्य बंधुओं/नागरिको से अपील की जाती है कि 22 अप्रैल को नगर के ऐतिहासिक मठ मंदिर में सायं 06 बजे से निकाय द्वारा आयोजित नगर गौरव दिवस कार्यक्रम पधारें एवं तथा महराजश्री के मुखारबिंद से आर्शीवचन प्राप्त करें।